हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EPCH
EXPORT PROMOTION
COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

## ईपीसीएच ने ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया 2024 में भारत के हस्तनिर्मित शिल्प को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली, 19 नवंबर 2024:** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न कन्वेंशनल ऐंड एग्जिबिशन सेंटर में 19 से 21 नवंबर 2024 तक ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया 2024 आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है और यहां भारत के विशाल हस्तशिल्प संग्रह, परिधान, और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि इस एक्सपो में ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. सुशील कुमार ने सदस्य प्रदर्शकों के साथ किया।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. सुशील कुमार ने उद्घाटन के दौरान भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और देश से हस्तशिल्पों के  निर्यात को बढ़ावा देने के लिए परिषद (ईपीसीएच) के निरंतर प्रयासों और योगदान की सराहना की। सीजीआई ने सदस्य प्रतिभागियों से भी बातचीत की और भविष्य में व्यापार प्रचार के लिए सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा कि ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख व्यापारिक आयोजन है, जो अंतरराष्ट्रीय निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और डिजाइनरों को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य देशों के प्रमुख रिटेल चेन, फैशन लेबल्स और संस्थागत खरीदारों को  एक साथ मंच पर लाता है। एक्सपो का फोकस सस्टेनेबल फैशन, होम डेकोर और उपभोक्ता वस्तुओं पर है, जो उच्च गुणवत्ता वाले और उचित तरीके से सोर्स किए गए उत्पादों के निर्माण की भारत की क्षमता से पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के एक्सपो में भारत की भागीदारी से हाल ही में हस्ताक्षर किए गए भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को भी मजबूती मिलेगी। इस ऐतिहासिक समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के निर्यातकों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा कि ईपीसीएच ने एक वाइब्रेंट इंडिया पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें मुरादाबाद, जयपुर, नोएडा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक समेत प्रमुख शिल्प समूहों के 16 सदस्य निर्यातक शामिल हैं। इंडिया पवेलियन में परिधानों, चमड़े के सामानों, सूती एवं जूट के बैगों, होम डेकोर, किचनवेयर और अन्य उत्पादों की एक संयोजित रेंज प्रदर्शित की जा रही है।

ईपीसीएच, देश से विभिन्न वैश्विक गंतव्यों तक हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और भारत की छवि को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में प्रस्तुत करने वाली नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि 2023-24 के दौरान भारत से 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हस्तशिल्प निर्यात किया गया, जिसमें रुपये के संदर्भ में 9.13% की जबकि डॉलर के संदर्भ में 6.11% की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2023-24 के दौरान ऑस्ट्रेलिया को हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात 737.83 करोड़ रुपये (89.11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा ।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
**श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच;**
**+91-9810697868**

EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council for Handicrafts
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# PRESS RELEASE

# EPCH ELEVATES INDIA'S HANDMADE CRAFTS AT GLOBAL SOURCING EXPO MELBOURNE, AUSTRALIA 2024

**New Delhi, 19th November 2024:** The Global Sourcing Expo Melbourne, Australia 2024 got underway from 19th to 21st November 2024 at the Melbourne Convention & Exhibition Centre, Australia. This event is a significant opportunity to strengthen bilateral trade between India and Australia, showcasing India's vast array of handicrafts, apparel, and sustainable lifestyle products. The EPCH India Pavilion got inaugurated by Dr. Sushil Kumar, Consul General of India, Melbourne, Australia alongwith member exhibitors informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.

Dr. Sushil Kumar, Consul General of India, Melbourne, Australia while inaugurating appreciated the continuous efforts of the Council for bringing Indian Handicrafts to the world markets and promotion of handicrafts exports from the country. CGI also interacted with member participants and assured all support in future business promotions.

Mr. Dileep Baid, Chairman – EPCH said the Global Sourcing Expo Melbourne is Australia's premier trade event, bringing together international manufacturers, wholesalers, and designers with key retail chains, fashion labels, and institutional buyers from Australia, New Zealand, and beyond. The Expo's focus on sustainable fashion, home décor, and consumer goods perfectly aligns with India's strengths in producing high-quality, ethically sourced products. He further added India's participation in this year's Expo will strengthen the recently signed India-Australia Economic Cooperation and Trade Agreement (ECTA). This landmark agreement is expected to significantly boost trade between the two nations, creating new opportunities for exporters from both countries.

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH said that the EPCH has set up a vibrant India Pavilion featuring 16 member exporters from key craft clusters, including Moradabad, Jaipur, Noida, Delhi, West Bengal, Haryana, Uttar Pradesh and Karnataka. The pavilion will display a curated range of products such as apparel, leather goods, cotton and jute bags, home décor, kitchenware and more.

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as reliable supplier of high quality of handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores (US $ 3,956 Million) registering a growth of 9.13% in rupee term & 6.11% in dollar terms over the previous year. The exports of handicrafts items to Australia during the year 2023-24 is Rs. 737.83 Crores (US $ 89.11 Million) informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH;
+91-9810697868
Encl: Hindi, English with Photos




Photo 1: The EPCH India Pavilion got inaugurated by Dr. Sushil Kumar, Consul General of India, Melbourne, Australia alongwith member exporters during Global Sourcing Expo Melbourne, Australia 2024.




Photo 2: Dr. Sushil Kumar, Consul General of India, Melbourne, Australia interacted with member participant during Global Sourcing Expo Melbourne, Australia 2024.




Photo 3: Visitors doing business enquiries with EPCH exhibitors at EPCH India Pavilion during Global Sourcing Expo Melbourne, Australia 2024.